हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 22 दिसंबर 2023

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


तापमान

अधिकतम 23 डिग्री

न्यूनतम 9 डिग्री


4 जंगल पहाड़ों पर निवासरत पहाड़ी कोरवा समुदाय के घर होंगे बिजली से रोशन




**खबर संक्षेप**

### ठंड से बचाव के लिए बच्चों को बांटे कंबल



**जनकपुर।** एमसीबी जिले के दूरस्थ विकासखंड मुख्यालय जनकपुर में संचालित न्यू लाइफ इंग्लिस मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में गुरूवार को चैरिटी डे मनाया गया। इस दौरान संस्था की ओर से गरीब बच्चों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े स्वेटर एवं जूते तथा पुस्तक दिया गया। संस्था की ओर से गरीब बच्चों के लिए की गई इस अनुकरणीय कार्य पर पालकों ने संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया।

### छात्राओं को योग के बताए गए गुर



**नगर।** ग्राम के पहाड़पारा में स्थित आदिवासी कन्या छात्रावास में गुरूवार को जिले के सहायक योग प्रशिक्षक राजेन्द्र राजवाड़े व जिला योग चिकित्सक के द्वारा छात्राओं को योग का प्रशिक्षण दिया गया। योग से शरीर को होने वाले विभिन्न लाभ के बारे में बताया गया। इस दौरान किस रोग में कौन सा योग आसन किया जाए यह जानकारी भी दी गई। एक निरोगी शरीर के लिए योग की महत्ता को बताया गया। इसमें वृक्ष, आसन, ताड़आसन, योग -विलोम प्राणायाम सहित योग की कई विधि बताई गई। इस दौरान छात्रावास अधीक्षिका तारा निकुंज आदि उपस्थित रहे।

### शीतकालीन क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन



**कोरिया कॉलरी।** बीते लंबे समय से क्रिकेट प्रतियोगिता का सूखा पड़ने वाले कोरिया कॉलरी का एनएससी मैदान में शीतकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कर दर्शकों के मन में एक बार फिर से क्रिकेट का उत्साह भर दिया गया। इस प्रतियोगिता में प्रवेश राशि 1000 रु और फाइनल जीतने वाली टीम को 11000 रूपए, उप विजेता टीम को 5500 रूपए का इनाम दिया जाएगा। एनएससी मैदान पूर्व में भी कई बार क्रिकेट प्रतियोगिता का मेजबानी कर चुका है। इस मैदान कई शीतकालीन और रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता हो चुका है, टूर्नामेंट की पारदर्शिता हमेशा से इस मैदान की पहचान बनी रही है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे चिरमिरी भर की तमाम टीमे हिस्सा ली। प्रारंभ मैच बैड बॉयस कोरिया और ब्लैक कोबरा डोमनहिल के बीच खेला गया। कोरिया की टीम ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी चुनी, मगर उनका यह फैसला गलत साबित हुआ, लिहाजा डोमनहिल ने शानदार तरीके से कोरिया को हराकर अपनी जीत दर्ज की, क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन से दर्शकों में काफी खुशी बनी है, ठंड के मौसम होने के कारण खिली धूप में दर्शकों की भीड़ उमड़ेगी।

### मालवीय मिशन की संगोष्ठी 24 को

**अम्बिकापुर।** गीता जयंती पर महामना मालवीय मिशन द्वारा गांधी स्टेडियम स्थित भारतेंदु भवन में 24 दिसम्बर को सायं 6 बजे गीता का पाठ एवं अध्यात्मिक संगोष्ठी तथा 25 दिसम्बर को मालवीय जयंती पर शाम 4 बजे राष्ट्र उत्थान में मालवीय जी के योगदान विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। गोष्ठी उपरांत साहित्यकार पाठ करेंगे।

अवैध उत्खनन कर एमपी, यूपी जाती है रेत, मवई नदी उत्खनन केन्द्र

## रेत माफिया पर कसा शिकंजा, 2 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकुर

एमसीबी जिले के दूरस्थ ब्लाक भरतपुर के सीमावर्ती मवई नदी से निकाली गई अवैध रेत को क्षमता से कई गुना ज्यादा भंडारित अवैध रेत को प्रतिदिन सैकड़ों गाड़ी में भरकर उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश में भेजकर बिक्री करने वाला रेत माफिया पर महीनों बाद आखिरकार खनिज विभाग ने कार्रवाई कर 2 लाख का जुर्माना लगाया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने अपने चुनावी प्रचार के दौरान ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए भरोसा दिलाई थी कि चुनाव जीतने बाद क्षेत्र में रेत का अवैध कारोबार बंद होगा, चुनाव में किए अपने वादे को पूरा करने के लिए श्रीमती सिंह शपथ लेने के बाद एक्शन मोड पर आ गई है। भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह द्वारा एमसीबी कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा को निर्देशित किए जाने के बाद खनिज विभाग ने भरतपुर-सोनहत विधानसभा के सीमावर्ती ग्राम घुघरी में क्षमता से कई गुना भंडारित की गई अवैध रेत पर कार्रवाई किया है। अवैध रेत भंडारण करने वाले शिवम सिंह पर खनिज विभाग ने 2 लाख 5 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है।



रेत का अवैध भंडारण।

भरतपुर विकासखंड के सरहदी ग्राम घुघरी के बड़वाही पारा में क्षमता से कई गुना अधिक मात्रा में रेत का भंडारण करने पर कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग ने खनिज अधिनियम 1957 व छग गौण खनिज नियम 2015 के तहत कार्रवाई की है। विदित हो कि भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि मेरे विधायक बनते ही इस क्षेत्र में अवैध रेत का कारोबार रुकेगा। श्रीमती सिंह ने चुनाव प्रचार के दौरान यहां हो रहे अवैध रेत कारोबार को चुनावी मुद्दा बनाया था और क्षेत्रवासियों से यह वादा किया था कि भाजपा सरकार और मेरे विधायक बनते ही यहां रेत का अवैध कारोबार रुकेगा।



कार्रवाई करती खनिज की टीम ।

### अवैध परिवहन करते 5 वाहनों पर प्रकरण दर्ज



जब्त वाहन।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर खनिज अधिकारी एवं खनिज अमला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण कर्ताओं के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई किया किया जा रहा है एवं खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण कर्ताओं पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में खनिज अमला द्वारा तहसील बैकुंठपुर एवं पटना क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान अवैध परिवहनकर्ताओं पर कार्रवाई करते हुए खनिज रेत के 2 वाहन, गिट्टी के 2 वाहन एवं बोल्डर के 1 वाहन पर प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए उक्त वाहनों को समीपस्थ थाना बैकुंठपुर, पटना की सुपुर्दगी कर दिया गया है। खनिज अधिकारी ने बताया कि खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण कर्ताओं के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

## औचक निरीक्षण में नदारद मिले 22 कर्मी, नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला प्रशासन लगातार इस बात पर जोर दे रही है कि सभी शासकीय, अशासकीय कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुंचे, लेकिन गैर जिम्मेदार कर्मी इस बात को अनसुना कर रहे हैं।

इसी कड़ी में अपर कलेक्टर नीलम टोप्पो ने संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इसमें 22 कर्मी कार्यालयीन समय पर नहीं पहुंचे, इन सभी कर्मियों को नोटिस जारी किया गया है। जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं। श्री टोप्पो ने जानकारी दी कि विगत दिनों बैठक लेकर कलेक्टर विनय लंगेह ने सभी कार्यालय प्रमुख को इस बाबत ताकीद भी किए थे, इसके बावजूद समय पर नहीं पहुंचने वाले अधिकारी-कर्मचारी को फटकार लगाई गई और भविष्य में इस तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं करने की चेतावनी दी गई।

- **अपर कलेक्टर नीलम ने किया कार्यालयों का औचक निरीक्षण**

श्री टोप्पो ने बताया कि अधिकारियों-कर्मचारियों को कार्यालय में पूर्वान्ह 10 बजे उपस्थित होकर अपरान्ह 5:30 बजे तक कार्य संपादित करने के निर्देश दिए गए हैं।



कार्यालयों का निरीक्षण करते अपर कलेक्टर।



छात्रा को सम्मानित करते लांस नायक।

## यातायात के नियमों से रुबरु हुईं छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राज्य सरकार के मंशानुरूप विद्यालयों में अध्ययनरत 9 वीं से 12 वीं के अजजा बालिकाओं को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान किया जाना है, इसके तहत कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक श्याम मधुकर के नेतृत्व में यातायात पुलिस समर्थ जागरूकता अभियान को लेकर गुरुवार को शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के छात्राओं को लांस नायक महेश मिश्रा द्वारा 3 घंटे तक यातायात नियमों, संकेतों एवं चिन्हों, महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, पॉक्सो अधिनियम, साइबर अपराध, मानव व्यापार से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।

नाबालिग छात्राओं को वाहन न चलाने की समझाइश दी गई, साथ ही 18 वर्ष से ऊपर की आयु होने पर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के बाद ही वाहन चलाने के लिए कहा गया। यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। द्वारा यातायात के अनिवार्य, चेतावनी एवं सूचनात्मक चिन्ह की जानकारी के साथ यातायात संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए चौराहा पार करने का नियम, ट्रैफिक सिग्नल लाइट, हाथों के संकेतों के माध्यम से यातायात व्यवस्था का संचालन, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता, दुपहिया वाहन में तीन सवारी नहीं चलना, वाहन चलाते समय मादक द्रव्यों का सेवन ना करना, तेज गति व लापरवाही पूर्वक वाहन नहीं चलाना, प्रेशर हॉर्न का उपयोग नहीं करना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, सड़क पर वाहन चलाने के सही तरीका, मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराएं व उसमें निर्धारित जुर्माने की राशि से संबंधित जानकारी प्रदान की गई एवं जीवन में यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेश जायसवाल, खंड स्त्रोत समन्वयक निलेश शुक्ला, संस्था के प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता, जिला युवा अधिकारी पवन गुप्ता, व्याख्याता आरएल गौतम, सुश्री शहिस्ता अंजुम अली, अल्फा बरवा, यातायात सैनिक राकेश कोर्राम सहित काफी संख्या में विद्यालयीन छात्राएं उपस्थित रहे।

### फर्जी पोर्टल पर जारी कर रहे जन्म-मृत्यु पंजीयन

**अंबिकापुर।** जिला रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु तथा जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी ने बताया कि रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया के पत्र द्वारा संज्ञान में लाया गया है कि वर्तमान में जन्म-मृत्यु ऑनलाईन पंजीयन हेतु अधिकृत वेब पोर्टल से मिलते-जुलते कई फर्जी पोर्टल से फर्जी तरीके से जन्म-मृत्यु का पंजीयन कर प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है। उन्होंने आयुक्त एवं रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) नगरपालिक निगम, संयुक्त संचालक एवं रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) शासकीय मेडिकल कॉलेज, समस्त अतिरिक्त जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं सीईओ जनपद, समस्त रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं सीएमओ तथा रजिस्ट्रार एवं बीएमओ को पत्र जारी किया गया।

## कब बुलबुल उत्सव में शामिल होने कोरिया की टीम रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कब बुलबुल उत्सव में कोरिया जिले से 27 सदस्य टीम शामिल हुई।

विदित हो कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग राज्य प्रशिक्षण केन्द्र झॉकी, अभनपुर, रायपुर में 20 से 23 दिसंबर तक राज्य स्तरीय कब-बुलबुल उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें डॉ.संजय सिंह जिला शिक्षा अधिकारी जिला संगठन आयुक्त स्काउट कोरिया, नागेश्वर साहू के मार्गदर्शन में जिला कोरिया से 12 कब, 12 बुलबुल, 2 कब मास्टर, 1 फ्लॉक लीडर कुल 27 सदस्यीय टीम 19 दिसंबर को बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन से रवाना हुई और 20 दिसंबर को शिविर स्थल में सकुशल पहुंचे। सम्मिलित होने वाले सदस्यों में सहायक ब्लाक सचिव बैकुंठपुर शिव प्रताप सिंह, कब मास्टर रवि बैगा, फ्लॉक लीडर प्रमिला टोप्पो के साथ शासकीय प्राथमिक शाला तलवापारा से कब-सावन, अंश कुमार, शैलेन्द्र कुमार, बुलबुल-संध्या साहू, अर्पिता, विशाखा, सोनाली, शासकीय प्राथमिक शाला सागरपुर से बुलबुल-स्वाति ठाकुर, कामिनी देवांगन, शासकीय प्राथमिक शाला वार्ड नंबर 10 बाजारपारा से कब- शिव तिलक बैगा, विंदेश्वर सारथी, हिमांशु महतो, सेंट जेवियर प्राथमिक शाला रामपुर बैकुंठपुर से कब -एनायत, अरमान टोप्पो, कुश कुमार, गौरव भगत, अर्जुन सिंह, प्रिंस टोप्पो, बुलबुल-सृष्टि टोप्पो, रोशनी बेक, दुर्गा तैलासी, अल्फा, श्वेता यादव शामिल रहे।



राज्य स्तरीय उत्सव में भाग लेने रवाना होती टीम।

## शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा: चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिरमिरी

केन्द्रीय विद्यालय चिरमिरी में 20 दिसंबर को वार्षिक शैक्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल के प्रमुख केन्द्रीय विद्यालय संगठन, रायपुर संभाग के सहायक आयुक्त विवेक कुमार चौहान सहित विभिन्न केन्द्रीय विद्यालयों से आए प्राचार्य रमाकांत कौशिक, केन्द्रीय विद्यालय सीआरपीएफ बिलासपुर सुनील कुमार साहू, केन्द्रीय कोरबा क्रं. 2, नरेन्द्र कुमार प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय जशपुर, श्रीमती डोमेनिका मिंज, मुख्य अध्यापिका केन्द्रीय विद्यालय बैकुंठपुर उपस्थित रहे।

- **केबी चिरमिरी का वार्षिक शैक्षिक निरीक्षण**

विद्यालय की स्काउट-गाइड कलर पार्टी के साथ सहायक आयुक्त समेत निरीक्षण दल के सदस्य प्रार्थना सभा में पहुंचे। विद्यालय के प्राचार्य एनके सिन्हा ने सहायक आयुक्त सहित निरीक्षण दल के सभी सदस्यों के स्वागत के साथ विद्यालय के विभिन्न गतिविधियों में वार्षिक खेलोत्सव, परीक्षा परिणाम, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य उपलब्धियों को अवगत कराया, इसके उपरांत बच्चों द्वारा प्रार्थना, स्वागत गीत,समूह गीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति से सभी सदस्य अत्यंत प्रभावित हुए। इसी दौरान निरीक्षण दल द्वारा विद्यालय में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा 2023 में 100 प्रतिशत परिणाम देने वाले शिक्षकों को एवं राष्टीय स्तर पर चयनी बच्चों को सम्मानित किया गया और उनका मार्गदर्शन किया गया। सहायक आयुक्त श्री चौहान ने कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है, हमें शिक्षा को हमेशा प्राथमिकता देनी चाहिए, अच्छी शिक्षा प्राप्त करने का सबसे पहला उद्देश्य अच्छे नागरिक बनना और उसके बाद व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में सफल व्यक्ति बनना होता है। श्री चौहान ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास करके, शारीरिक और मानसिक मानक प्रदान करती है और लोगों के रहने के स्तर को परिवर्तित करती है। इस दौरान उन्होंने राष्टीय शिक्षा नीति को लेकर स्कूल के बच्चों को तमाम तरह की जानकरी दी। इसके पश्चात निरीक्षण दल ने विद्यालय की दिनभर की शैक्षिक और सह शैक्षिक गतिविधियों का गहनता से निरीक्षण किया साथ ही टीम ने स्कूल की सभी कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और अन्य सुविधाओं का दौरा किया।



निरीक्षण करते संभाग के सहायक आयुक्त।

इस दौरान सहायक आयुक्त ने 10 वीं एवं 12 वीं के छात्र-छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए उनसे बातचीत कर उन्हें अभिप्रेरित किया। निरीक्षण के अंत में सहायक आयुक्त ने विद्यालय में संचालित गतिविधियों की सराहना की एवं विद्यालय के उतरोत्तर प्रगति के लिए मार्गदर्शन एवं उचित दिशा-निर्देश प्रदान किए। विद्यालय के प्राचार्य श्री सिन्हा ने सहायक आयुक्त एवं निरीक्षण दल के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया एवं उनसे प्राप्त सुझावों को विद्यालय परिवार द्वारा अमल में लाने का आश्वासन दिया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची बरबसपुर

**बरबसपुर।** विगत दिवस विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ सुबह 10 बजे बरबसपुर ग्राम पंचायत के पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में पहुंचा। जहां पर रथ का स्वागत पंचायत स्तर पर गठित स्वागत समिति तथा उत्सव समिति के द्वारा बड़े ही धूमधाम से स्वागत किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में हितग्राहियों ने अपना अनुभव मेरी कहानी मेरी जुबानी के द्वारा सबके सामने बयां की। कृषक गौरी शंकर जायसवाल निवासी बरबसपुर ने बताया कि उनको प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना योजना जब से प्रारंभ हुआ है, तब से आज तक 14 किस्त प्राप्त हो हुआ है, प्रति किस्त 2000 रूपए के हिसाब से अब तक कुल 28000 रुपए मिल चुका है, उससे मिलने वाले रूपए से वे उन्नत किस्म की बीज एवं खाद खरीदर उसका उपयोग अपने फसल के लिए करते हैं। उन्होंने इस योजना को किसानों के लिए लाभकारी बताते हुए। उन्होंने प्रधानमंत्री का दिल से आभार व्यक्त किया।

फटी बोरी देखते ही कलेक्टर ने नोडल अधिकारी की ली क्लास

## कलेक्टर-एसपी ने धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह लगातार धान खरीदी केन्द्रों का दौरा ही नहीं कर रहे हैं, बल्कि वहां पहुंचकर सीधे किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याओं, परेशानियों के बारे में पूछ भी रहे हैं।

विदित हो कि 1 नवंबर 2023 से धान खरीदी शुरू हुआ है, जो 31 जनवरी 2024 तक चलेगी। जिले में इस वर्ष पंजीकृत किसानों की संख्या 22 हजार 274 है, वहीं धान बोए गए रकबे 29 हजार 771 हेक्टेयर है। 22 धान खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। मोटा धान एवं पतला धान की खरीदी बड़ी संख्या में की जा रही है। समर्थन मूल्य पर मोटा धान 2 हजार 183 रूपए प्रति क्विंटल तथा पतला धान 2 हजार 203 रूपए प्रति क्विंटल की दर पर खरीदी की जा रही है। इसी कड़ी में गुरूवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल जिले के पटना, सरभोका एवं झरनापारा धान खरीदी केन्द्र पहुंचकर किसानों से चर्चा की। जानकारी के मुताबिक अभी तक 22 धान खरीदी केन्द्रों से 4 हजार 662 किसानों ने समर्थन मूल्य पर मोटा धान 224032.40 क्विंटल विक्रय कर चुके हैं। सत्तीपारा निवासी किसान बुधुलाल राजवाड़े जब कलेक्टर को बताया कि उन्हें फटे बोरी दिया गया है तो तत्काल फटे बोरी को देखने गए और मौके पर नोडल अधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा कि किसी भी हालत में किसानों को फटे व छोटे बारदाना बिल्कुल न दें और बुधुलाल को नया बारदाना देने के निर्देश दिए। जब किसानों से कलेक्टर ने कहा कि कोई भी रूपए मांगे तो कार्रवाई की जाएगी। यह बात को सुनते ही युवा किसान चारपारा निवासी साहिल ने कलेक्टर से कहा कि यहां कोई रूपए मांगेंगे तो आपको शिकायत करूंगा, यह बात सुनते ही कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि जरूर और कार्रवाई भी होगी।



खरीदी केन्द्र का निरीक्षण करते कलेक्टर-एसपी ।

### नोडल अधिकारी को फटकार

कलेक्टर श्री लंगेह जब धान खरीदी केन्द्र झरनापारा पहुंचे तो उन्होंने धान की तौल की जांच किए। किसी बोरी में 39 किलो तो किसी बोरी में 42 किलो वजन था। तत्काल नोडल अधिकारी को बुलाकर फटकार लगाते हुए कहा कि किसी भी हालत में नियमानुसार 40 किलो 700 ग्राम से अधिक और न ही कम वजन होना चाहिए।



सम्मानित होती मितानिन।

## पंचायत भवन में मितानिनों का सम्मान

**नगर।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत नगर में ग्राम की सभी मितानिनों का साड़ी व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

ग्राम पंचायत नगर की सरपंच बालकुंवर, सचिव दिनेश कावरा, रोजगार सहायक राजेश व मोती सिंह की उपस्थिति में ग्राम की मितानिन श्रीदेवी, फूलमती ,शिवकुमारी, सरोज, फुलेश्वरी, कलावती, श्यामवती को पंचायत भवन बुलाकर सरपंच द्वारा साड़ी व श्रीफल प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया, इस पर सभी मितानिनों ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि हर वर्ष हमारे ग्राम पंचायत में हमें सम्मानित किया जाता है, इससे हमें बहुत खुशी मिलती है व काम करने का उत्साह बढ़ता है। इस दौरान मोती सिंह, बाजूलाल, कृष्ण कुमार राजवाड़े ,शमशेर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

